समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 21 September 2026

# भारत के साथ तनाव के बीच पाकिस्तान ने बढ़ाया रक्षा बजट, टैकं, मिसाइल और गोला-बारूद पर खर्च करेगा 2550 अरब रुपये।

Publisher Published on 11 Jun 2025




## वित्त वर्ष 2025-26 के लिए पाकिस्तान ने 20% बढ़ाकर 2550 अरब रुपये का रक्षा बजट किया घोषित, भारत के खिलाफ बढ़ती सैन्य तैयारी।

**इस्लामाबाद :** भारत के साथ लगातार बढ़ते तनाव और हालिया सैन्य झड़पों के बीच, पाकिस्तान ने अपने **रक्षा बजट मे भारी बढ़ोतरी** की है। **मंगलवार, 10 जून 2025** को पाकिस्तान के वित्त मंत्री **मोहम्मद औरंगजेब** ने वित्त वर्ष **2025-26 के लिए संसद (नेशनल असेबंली)** में **17,573 अरब पाकिस्तानी रुपये** का संघीय बजट पेश किया, जिसमें से **2550 अरब रुपये (लगभग 9 अरब डॉलर)** केवल रक्षा खर्च के लिए निर्धारित किए गए हैं।

### 20% की बजट वृद्धि, बढ़ा फोकस हथियारों पर

यह बजट पिछले साल की तुलना में 20 प्रतिशत अधिक है। **2024-25 मे रंक्षा खर्च के लिए 2,122 अरब रुपये** आवंटित किए गए थे, जो कि पहले से ही 14.98 प्रतिशत अधिक था। लेकिन इस बार वृद्धि के साथ पाकिस्तान ने साफ कर दिया है कि वह अपने **सेना, हथियारों, टैकों, मिसाइलों और गोला-बारूद** पर अधिक निवेश करेगा।

गौरतलब है कि पाकिस्तान की संसद में रक्षा बजट पर कोई बहस नहीं होती, इसलिए इस बजट के अंदर की गहराई या अलोकेशन डिटेल्स सार्वजनिक नहीं की जाती।

### भारत-पाक तनाव का असर

**वित्त मंत्री औरंगजेब** ने भारत-पाक तनाव का हवाला देते हुए कहा कि यह बजट ऐसे समय में पेश किया गया है जब "**राष्ट्र ने**

**एकता और दृढ़ संकल्प**" का परिचय दिया है। उन्होंने अप्रत्यक्ष रूप से 22 अप्रैल को कश्मीर के **पहलगाम मे हुंए आतंकी हमले** और भारत द्वारा **7 मई को चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर** की पृष्ठभूमि में इस रक्षा खर्च को उचित ठहराया।

**ऑपरेशन सिंदूर** में भारत ने **पाकिस्तान** और **पीओके मे ंआतंकियों** के ठिकानों पर हमला कर **100 से अधिक आतंकियों को मार गिराया** था। इसके बाद पाकिस्तान ने सीमा पार हमलों की कोशिशें तेज कर दी थी, जिनका जवाब **भारतीय सेना ने ब्राह्मोस मिसाइलों** से दिया। इस **ऑपरेशन मे ं19 ब्राह्मोस मिसाइले** दांगी गईं और पाकिस्तान के कई एयरबेस तबाह कर दिए गए।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.